हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 14 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

11 डीसीएम से गांडा समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग



12 कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल शाखा...



## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में स्कार्पियो ड्राइवर की मौत

**महासमुंद**। अनियंत्रित हुई स्कार्पियो के खेत में पलट जाने से ड्राइवर की मौत हो गई। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम अजगरखार का है। पुलिस ने बताया कि 11 मई को करीबन 7 बजे के आसपास कमलेश नायक पिता अयोध्या नायक (42 वर्ष) सरकण्डा अपने स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 06 जी आर 9966 को चलाते हुए अजगरखार से बारात लेकर केजुवां गया हुआ था। वापस घर आते समय रात्रि करीबन 2.30 बजे सरकंडा एवं अजगरखार के बीच मोड़ में वाहन तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने के चलते अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। जिसके चलते चालक कमलेश नायक की रोड मौके पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। नयापारा में एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि नयापारा वार्ड नंबर 06 के देवनारायण पांडेय के साथ 12 मई की शाम करीब 6.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी समीर खान, शिव थापा तथा उसके साथियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। जिसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। महासमुंद पुलिस ने घायल की पत्नी माया पांडेय की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पर्दाफाश : जिले में हुई हत्या की दो घटनाओं का हुआ खुलासा

# फिरौती लेने अपहरण कर युवक की कर दी हत्या, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने हत्या के दो मामलों

- फिरौती लेने अपहरण कर युवक का कर दिया मर्डर, 15 दिन पहले हुई थी शादी, नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार

का खुलासा करते हुए अलग-अलग मामलों में नाबालिग सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला कोमाखान थाना क्षेत्र का है, जहां टोंगोपानी कसेकेरा के खेत में टेप से बंधे मिले शव के मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं दूसरे मामले में बसना थाना के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सनबहाली में पोते ने जादू टोने के शक में अपनी दादी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पहले मामले को लेकर कोमाखान पुलिस ने बताया कि 9 मई को सूचना मिली कि ग्राम कसेकेरा टोंगोपानी के पास सुनसान स्थान में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है जिसके मुंह चेहरे एवं हाथों को प्लास्टिक के सेलो टेप से लपेटा गया था। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा घटनास्थल का मुआयना कर मर्ग कायम किया गया। पोस्टमार्टम में डॉक्टर के द्वारा मृत्यु का कारण दम घुटना एवं हत्या प्रकृति का होना लेख किया गया। मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 103(1), 238(ए), 140(1), 308(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान हत्या के सभी संभावित बिंदुओं की जांच करते हुए पुलिस द्वारा संदिग्धों की पतासाजी शुरू इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए गए। शव की शिनाख्त मानस रंजन त्रिपाठी पिता मनबोध त्रिपाठी निवासी शक्तिनगर नुआपड़ा के रूप में की गई। ग्रामवासियों से पूछताछ में पता चला कि मृतक अंतिम बार परसु डडसेना के साथ देखा गया था।



विवेचना के दौरान संदेही परसु डडसेना निवासी मौहाभाटा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जिस आरोपी ने अपने अन्य दोस्तों सरोज कुमार, गणपत डडसेना एवं एक नाबालिग के साथ मिलकर फिरौती लेने के उद्देश्य से मृतक को नुआपड़ा के सुख सागर रेस्टोरेंट के पास से अपहरण कर गणपत के टवेरा वाहन से ले जाना एवं हत्या कर देना बताया। आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपियों को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। मामले में पुलिस ने आरोपी परसु डडसेना पिता बसंत राम (20 वर्ष) निवासी ग्राम मौहाभाटा थाना नुआपाड़ा, गणपत डड़सेना पिता सुरेश डडसेना (27 वर्ष) निवासी मौहा भाटा, सरोज डडसेना पिता बीर सिंह डडसेना (24 वर्ष) निवासी गरतोर थाना नुआ पाड़ा ओडिशा और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा है।



### जादू-टोने के संदेह में दादी को मौत के घाट उतारा, आरोपी गिरफ्तार

बसना थाने के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सनबहाली में बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी वादास मानिकपुरी पिता प्रसाद दास मानिकपुरी (55 वर्ष) सनबहाली ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 11 मई की रात 8.30 बजे आरोपी संतोष मांझी ने अपनी दादी सनमेत कश्यप को जादू टोना के शक में टगिया से सिर में मारकर हत्या कर दी है और मृतका का शव घर के बाड़ी में पड़ा है। आंगन व बाड़ी में खून बिखरा हुआ है। सूचना पर चौकी भंवरपुर में धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल मौका पर जाकर निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ किया गया। पुलिस की टीम के द्वारा आरोपी संतोष माझी पिता भगत राम माझी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर महिला की हत्या कर अपराध करना स्वीकार किया और बताया कि उसकी पत्नी की 6-7 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है तथा बच्चों की तबियत भी खराब रहती है, जिस कारण वह मृतका सनमेत कश्यप पर जादू टोना करने का संदेह करता था। 11 मई की महिला घर में अकेली थी, इसी दौरान आरोपी ने टंगिया से सिर में वार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टंगिया को जब्त किया है तथा आरोपी को धारा 103(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पटवारी के साथ मारपीट मामले में फेडरेशन उतरा समर्थन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम पेंड्रावन में पदस्थ पटवारी विनय पटेल के साथ विगत 28 अप्रैल को कुछ लोगों द्वारा की गई मारपीट की घटना के मामले में मंगलवार को कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी सहित शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में जिला प्रशासन कौ ज्ञापन सौंपा गया।



जिला संयोजक टेकराम सेन, उमेश भारती गोस्वामी, प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन को डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर को सौंपा गया। पश्चात कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के सदस्यों व पदाधिकारियों ने एसपी से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी दी।

इस दौरान कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि कर्मचारी जगत आज अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहें हैं। खुलेआम नागरिकों द्वारा एक पटवारी के साथ मारपीट किया जाना घोर निंदनीय एवं आपत्तिजनक है। यदि पटवारी गलत है, या समय पर कार्य नहीं कर पा रहा है, तो इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाना चाहिए। मारपीट की घटना से कर्मचारी जगत आक्रोशित है। सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि कर्मचारियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिला संयोजक टेकराम सेन ने कहा कि शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के पहले पदोन्नति दी जाए एवं 2008 के सेटअप व 2010 के सेटअप व शर्तों के आधार पर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष संगठनों के दबाव के चलते एवं चुनावी वर्ष होने के कारण युक्तियुक्तकरण रद्द कर दिया गया था। सरकार से विशेष आग्रह है कि पहले सभी सभी शिक्षक संवर्ग को में पदोन्नति दी जाए। पश्चात इसे लागू करें। ज्ञापन के दौरान बागबाहरा में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शिवकुमार चंद्राकर के निलंबन को रद्द करने, गढ़सिवनी में पदस्थ शिक्षिका रीना कोठारी के वेतन रोकने संबंधी चर्चा की गई।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान प्रमुख रूप से जिला संयोजक टेकराम सेन, मार्गदर्शक मंडल से प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, अशोक गिरी गोस्वामी, डॉ रामकुमार चंद्राकर, राजस्व पटवारी संघ से राकेश थवाईत, कमलेश डहरे, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से दिलीप तिवारी, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से ओम नारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ से राजेश शर्मा, कुबेर साहू, अविनाश लाल, मानिक साहू, नेमीचंद अग्रवाल, सहायक शिक्षक फेडरेशन की ओर से कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष सिराज बक्श, ईश्वर चंद्राकर, अजय बंजारे, अजाक से एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव, राजस्व पटवारी संघ से रामकुमार साहू, संतोष चंद्राकर, देवेंद्र इंगोले, विनय पटेल, घनश्याम ध्रुव, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ से उमेश साहू सहित अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ हुई मारपीट का घोर निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन के पूर्व सभा का संचालन सिराज बक्श एवं ईश्वर चंद्राकर ने किया। उक्त जानकारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के मीडिया संयोजक एवं प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा ने दी है।



## खबर संक्षेप



### तुषार ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कक्षा 10वीं में 93.67 प्रतिशत के साथ बिरकोनी स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सुजल साहू और कक्षा 12वीं में 75.3 प्रतिशत के साथ बिरकोनी स्कूल में दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले गुलशन साहू दोनों भाई बहनों को उनके घर पहुंच कर गमछा, श्रीफल, लिफाफा, भेंटकर सम्मानित किया। गुलशन ने बताया कि वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। सुजल ने बताया कि उनकी विज्ञान विषय में रुचि है और वे आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं।

### आंबेडकर अस्पताल की नर्सों का किया सम्मान

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर मेडिकल कॉलेज रायपुर के पुराने ऑडिटोरियम में आंबेडकर अस्पताल में कार्यरत नर्सों का सम्मान किया गया। नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित इस समारोह के विशिष्ट अतिथि उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा एवं विशेष अतिथि मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने चिकित्सकीय क्षेत्र में नर्सिंग स्टाफ की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्हें अस्पताल का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस दौरान उप नर्सिंग अधीक्षक एवं सहायक नर्सिंग अधीक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान लैम्प लाइटिंग, केक कटिंग, नाईटेंगल शपथ ली गई।

### धूमधाम से मनाई गई बुद्ध जयंती, खीर का वितरण भी

**रायपुर।** राजधानी में सोमवार को बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की रायपुर शाखा भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ द्वारा कटोरा तालाब में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, सिविल लाइंस पार्षद संजना संतोष हियाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति भाजपा युवा प्रकोष्ठ के सदस्य आयुष्मान योगेश रावत, डॉ. प्रशांत रावत, अरुण कुमार रामटेके, अरुण डोंगरे, गजेंद्र डोंगरे, पुष्पा धावड़े, प्रिया डोंगरे की उपस्थिति में बुद्ध प्रतिमा स्थल पर मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्ज्वलित की गई एवं धम्म मित्र नागपद्म ने वंदना कराई। नागपद्म ने बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं बौद्ध गया में उनको मिले ज्ञान के बारे में बताया।

## आयोजन: द्वारकाधाम गुजरात के माहेश्वरी सेवाकुंज में भागवत कथा जारी

# सुदामा द्वारा कृष्ण का द्वार कहां है पूछते-पूछते आने के कारण नाम पड़ा द्वारका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- तीर्थ पुरोहितों और पंडा पंचायत ने भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी का किया अभिनंदन

द्वारका धाम गुजरात के माहेश्वरी सेवाकुंज में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी का द्वारका के तीर्थ पुरोहितों, पंडा पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने कथा मंच पहुंचकर गमछा और द्वारकाधीश की फोटो भेंटकर अभिनंदन करते हुए कथा श्रवण करने छत्तीसगढ़ महासमुंद क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने द्वारका क्षेत्र की महिमा व तुलादान की महत्ता भी बताई। तीर्थ पुरोहित बाबुल भाई ने बताया कि सुदामा के कृष्ण का द्वारा कहां है कहां है पूछते हुए पहुंचने के कारण इसका नाम द्वारका पड़ा। इसके पूर्व भागवत कथा आयोजन समिति के बाबूलाल साहू, मूलचंद लड्ढा ने पंडा पंचायत के प्रतिनिधिमंडल का श्रीफल व तिलक लगाकर स्वागत किया।

चार दिशाओं में स्थित पवित्र धाम में नगर, परिवार व जग कल्याण की भावना से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष द्वारका धाम में भागवत कथा प्रवाहित हो रही है। इसके पूर्व रामेश्वर और बद्रीनाथ धाम में भी कथा आयोजन किया जा चुका है। व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए पं. पंकज तिवारी ने सती व ध्रुव चरित्र का बखान करते हुए बताया कि विद्या, यज्ञ, तप धन, श्रेष्ठ कुल, युवा शरीर से विनम्रता आती है। उन्होंने बताया कि विद्या की सार्थकता तभी है, जब उसमें विनम्रता का भाव हो। लेकिन, कभी-कभी मनुष्य ज्यादा पढ़ लिख लिया हूं कह कर अहंकार में डूब जाता है। इसी तरह तप, त्याग, धन से भी अभिमान आ जाता है। दक्ष को भी अभियान हुआ और उन्होंने शिव को अपमानित करने के लिए यज्ञ का आयोजन किया और इसमें अपने जामाता शिव को आमंत्रित नहीं किया। देवताओं द्वारा जब सती को अपने पिता के यहां यज्ञ आयोजित होने की जानकारी हुई तो वह भगवान शिव से जाने की जिद करने लगी। इस पर भगवान ने उन्हें समझाया कि बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। स्वाभिमान की रक्षा करना चाहते हैं तो अभिमानी से दूर रहना चाहिए। प्रजापति दक्ष का यज्ञ भी अपमान भाव से हो रहा था, इसलिए वहां विपत्ति आई और यज्ञ विध्वंस हुआ।

पं तिवारी ने सती के देह त्याग और यज्ञ विध्वंस कथा का विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि जहां अधर्म भाव से पूजा हो तो वहां विपत्ति आती है। दक्ष के यज्ञ में अपमानभाव था। इसलिए यज्ञ का विध्वंस हुआ। देवताओं के अनुरोध के बाद यज्ञ की पूर्णता के लिए भगवान शिव ने पुनः दक्ष को बकरे का सिर लगाकर जीवित किया। उन्होंने बताया कि बिना शिव की पूजा के यज्ञ, तप की सार्थकता प्राप्त नहीं होती। इसलिए सभी देवताओं ने अपने जीवन काल में एक-एक शिवलिंग की स्थापना अवश्य की है। उन्होंने बताया कि द्वारका धाम में भी ब्रह्मा, इंद्र, स्वयं द्वारकाधीश और अन्य देवताओं ने भी शिवलिंग स्थापित किया है।

इसी तरह व्यास पीठ से ध्रुव चरित्र का बखान करते हुए बताया कि द्वादश मंत्र जाप से ध्रुव ने साक्षात नारायण को 5 वर्ष की अवस्था में ही प्राप्त कर लिया था। लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रत्येक मनुष्य को ध्रुव की तरह ही कठिन से कठिन परिश्रम करना चाहिए। ध्रुव ने 6 माह तक कठोर तप किया। जब कोई व्यक्ति लक्ष्य प्राप्ति में कठोर प्रयास करता है तो देवता भी सहायक होते हैं। ध्रुव की साधना, तपस्या से सभी देवताओं ने भगवान नारायण से प्रार्थना की कि वह ध्रुव को दर्शन देकर उनकी मनोकामना पूर्ण करें।

# खेल से ही विद्यार्थी जीवन अनुशासित होता है: निखिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव 2024-25 का आयोजन तरीके से किया गया। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर तथा छात्र संघ संयोजक रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक मौजूद थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना व स्वागत गीत के पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य अग्रवाल ने अपने आशीर्वचन में बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं बताया कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है। मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने खेल से विद्यार्थी जीवन के अनुशासित होने की बात कही। उन्होंने बच्चों को अपने महाविद्यालयिन शिक्षा के दौरान होने वाले खेलों के अनुभवों को साझा कर सभी छात्रों को उत्साह से भर दिया। तत्पश्चात खेल में विजेता छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में खेल कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 8 बजे से महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी तृपेश साहू एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में प्रारंभ कर दिया गया। इस वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में मुख्य रूप से क्रिकेट, शतरंज, दौड़, बैकवर्ड दौड़, लंगडी दौड़, आर्म रैसलिंग (पंजा लड़ाना) बॉल इन बकेट, कुर्सी दौड़ जैसे रोचक खेल हुए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्रिकेट में आत्मानंद जूनियर की टीम ने जीत हासिल की। वह आत्मानंद सीनियर रनर अप रहे। वैसे ही आर्म रैसलिंग में सिबतैन, आदिल, विजय लक्ष्मी, माहिनूर खान, बाल इन बकेट में हेमलता निषाद, ट्विंकल साहू, म्यूजिकल चेयर में आकृति यादव, हरशु साहू ने जीत दर्ज किया।

### खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

वर्षभर में महाविद्यालय में हुए विविध खेलों पर बेस्ट प्लेयर का अवार्ड के रूप में हुसैन चौहान ने क्रिकेट, निखिल साहू ने आर्चरी, अंकुर जैन, अभय, गणेश एवं सिबतैन रजा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन निलेश कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान तरुण कुमार बांधे, मुकेश कुमार सिन्हा, हरिशंकर नाथ, डॉ. ग्लैडिश एस मैथ्यू, आलोक हिरवानी, चित्रेश बरेठ, संजय कुमार, शिखा साहू, खुशबू लाइब्रेरियन, जगतारण बघेल, शेषनारायण साहू, नानक साहू समेत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों ने नपाध्यक्ष को बताई समस्या, ज्ञापन भी सौंपा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से दिव्यांगों ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। दिव्यांगों ने साहू को बताया कि जिले में 33 हजार दिव्यांग हैं। जिनके लिए जिला मुख्यालय में दिव्यांग भवन की आवश्यकता है। जिले के विभिन्न ब्लाकों से दिव्यांग जिला मुख्यालय आते हैं, दुरस्त अंचल के कई दिव्यांग इतने सक्षम नहीं होते कि वे बस का किराया भी वहन कर सकें। किसी तरह वे बस किराया के लिए राशि जुटाकर यहां पहुंचते हैं। कई बार शासकीय कार्यालयों में उनका कार्य नहीं हो पाता। इस स्थिति में दिव्यांगों को अगले दिन आने कहा जाता है। जिससे बार बार आने जाने में दिव्यांगों को अतिरिक्त भार पड़ता है। वे इतने समर्थ नहीं होते कि लॉज या होटलों में रुक सके। इसलिए दिव्यांगों के लिए एक दिव्यांग भवन बनाया जाए। ताकि, जिले के अंतिम छोर से जिला मुख्यालय आने वाले दिव्यांगों को एक सर्व सुविधा युक्त ठहरने की जगह मिल सके। अतः समस्त दिव्यांगों ने नपाध्यक्ष साहू को ज्ञापन सौंपकर इस विषय पर सकारात्मक पहल की मांग की। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लक्ष्वंतीं साहू, बोधराम साहू, संजय परमार, सूरजों यादव, प्रतिम बंजारे, रानू पटेल, पद्मा जांगड़े आदि उपस्थित थे।

# बाजारों में फलों के राजा आम की आवक दशहरी, चौसा और लंगड़ा आम के दाम कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



फल दुकान सहित बाजार में मौसमी फलों की अच्छी आवक हो रही है। फलों के राजा आम की बाजार में भरमार हो गई है। आम के साथ-साथ तरबूज और खरबूज की भी भारी तादाद में आवक हो रही है। तरबूज के दाम कम होने से इसकी खरीदारी भी ज्यादा है। थोक फल विक्रेताओं ने बताया कि इस बार आम वैरायटी के अनुसार थोक में 60 से 50 रुपए किलो बिक रहा है। फुटकर में इसका रेट 80 से 40 रुपए किलो है।

उन्होंने बताया कि आम अपने तय समय के अनुसार ही बाजार में आ रहा है। परंतु, पिछले सालों की तुलना में इस बार आम की आवक कम होने से भाव अभी ज्यादा हैं। पिछले साल इसी सीजन में आम के थोक रेट 50 से 80 रुपए किलो थे। इसका कारण यह है कि तेज हवा व बारिश के कारण पैदावार प्रभावित हुई है।

बताया जा रहा है कि आम के साथ नीलम, दशहरी, लंगड़ा, तोतापरी, कलमी एवं चौसा किस्में के आम की आवक भी शुरू हो गई है। जिससे दशहरी, चौसा एवं लंगड़ा आम के रेट कम होंगे। फल-सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि आम की आवक अप्रैल से शुरू होकर अगस्त तक रहती है। पहली बारी में आने वाले आम की मिठास कम होती है और महंगे भी होते हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी आम की आवक एवं स्वाद भी बढ़ेगा। साथ ही आम की कीमतों में कमी आएगी। बताया जा रहा है कि आम की आवक, ओडिशा तेलंगाना के मध्यप्रदेश के अलावा वारंगल, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश के लखनऊ, प्रतापगढ़, सीतापुर, मुरादाबाद, मेरठ, इलाहाबाद के अलावा कर्नाटक से होती है।

## खारुन एनीकट में एक और मौत, डेढ़ माह में सात डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र स्थित खारुन नदी के सातपाखर एनीकट में डूबने से एक 37 वर्षीय व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम की है। मृतक अपने अन्य पांच दोस्तों के साथ सातपाखर में पिकनिक मनाने गया था, इस दौरान हादसा हुआ। पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम पे दूसरे दिन रेस्क्यू कर लाश को पानी से बाहर निकाला।

पुलिस के अनुसार मृतक अजय यादव गुढ़ियारी, श्रीनगर का रहने वाला है। रविवार को अवकाश होने की वजह से वह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के साथ नदी में नहाने के लिए गया था। शाम के समय अजय के दोस्त नदी में नहाने के लिए उतरे। अजय को तैरना नहीं आता था, इसके बाद भी वह नहाने के लिए नदी में उतर गया और पानी की गहराई को नहीं भांप पाया और पानी के तेज बहाव में बहता चले गया।

### डेढ़ माह में सात की मौत

खारुन नदी तथा एनीकट में अप्रैल से लेकर अब तक सात लोगों की डूबने से मौतें हुई हैं। गर्मी के दिनों में ज्यादातर लोग खारुन नदी के एनीकट में नहाने तथा पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं। लापरवाही की वजह से वहां हादसे होते रहते हैं। सातपाखर एनीकट के एक तरफ का क्षेत्र अमलेश्वर थाने का है। एनीकट में ज्यादातर डूबने की घटनाएं पिकनिक मनाने गए लोगों के साथ हुई हैं।

## साइबर कैफे से भरा फॉर्म तो उनके खाते में ही वापस होगी फीस की राशि, व्यापम ने चेताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राज्य सरकार द्वारा बीते दिनों व्यापम की परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से फीस लिए जाने संबंधित नई व्यवस्था लागू करने की घोषणा की गई थी। अब इसे लेकर व्यापम द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत इंजीनियर भर्ती परीक्षा से नए नियम लागू होंगे। अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन भुगतान की ही सुविधा दी जाएगी। ऑनलाइन भुगतान के दौरान कैंडिडेट्स जिस किसी भी खाते से फीस का भुगतान करेंगे, राशि उसी खाते में वापस जाएगी। यदि कोई अभ्यर्थी साइबर कैफे की मदद से परीक्षा फॉर्म भरता है और कैफे संचालक द्वारा अपने खाते का प्रयोग करते हुए फीस भुगतान किया जाता है, तो राशि साइबर कैफे संचालक के खाते में ही जाएगी। व्यापम ने जारी अधिसूचना में फीस वापसी संबंधित नियम स्पष्ट कर दिए हैं। इसके अलावा केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों की ही फीस लौटाई जाएगी। दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने अथवा नहीं होने, दोनों ही स्थितियों में फीस का भुगतान करना होगा। गौरतलब है कि नए नियम के अनुसार, व्यापम अथवा पीएससी द्वारा आयोजित होने वाली सभी तरह की प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को फीस का भुगतान करना होगा। केवल परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स को ही फीस की राशि लौटाई जाएगी।

**113 पदों पर होगी भर्ती :** लोक निर्माण विभाग की जिस भर्ती परीक्षा से नया नियम लागू किया गया है, उसके अंतर्गत 113 पदों पर भर्ती की जाएगी। लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता सिविल के 96 तथा विद्युत व यांत्रिकी के 17 पद हैं। आवेदन 9 मई से प्रारंभ हो चुके हैं। 2 जून तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। परीक्षा 13 जुलाई को होगी। अब व्यापम द्वारा निकलने वाली प्रत्येक भर्ती परीक्षा अथवा प्रवेश परीक्षा पर फीस संबंधित ये नियम ही लागू होंगे।

# जिला स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा, भूमिका, रूआन व युगविजय बने जिला चैंपियन

## विविध आयु समूहों में आयोजित की गई जिला चयन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला शतरंज संघ व रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11 एवं अंडर 13 का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम के उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोकिला घोड़ेसवार मंचस्थ थीं। अध्यक्षता जिला शतरंज संघ की संयुक्त सचिव डी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि रामकुमार विश्वकर्मा, विपिन साहू व ईश्वर साहू रहे। प्रतियोगिता संचालक हेमंत खुटे ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता संबंधी दिशा निर्देश व अंतर्राष्ट्रीय नियमों के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि कोकिला घोड़ेसवार ने शतरंज की बिसात पर प्यादे की चाल चलकर स्पर्धा की विधिवत शुभारंभ किया। इस दरमियान उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि शतरंज खेलने से आप नई चीज़ें सीखते है और अपने कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डी साहू ने कहा कि शतरंज खेलने से दिमाग को चुनौती मिलती है, जिससे याददाश्त और एकाग्रता में सुधार होता है।

बालिका वर्ग अंडर- 13 में भूमिका साहू प्रथम ( 3 अंक), बालक वर्ग में प्रथम युगविजय साहू (2.5 अंक), द्वितीय कुशाग्र जैन ( 2.5 अंक), अंडर-11 बालक वर्ग में प्रथम आदर्श भोई (1 अंक), अंडर-9 प्रथम रुआन पींचा प्रथम। बालिका वर्ग में स्वेक्षा प्रथम व द्वितीय रव्या जैन। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्य पूजा शर्मा ने शिरकत की। सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी-मेडल व खेल पत्रिका शतरंज सम्राट इनाम के रूप में प्रदान की। स्पर्धा में शामिल सभी शतरंज खिलाड़ियों को जिला शतरंज संघ द्वारा इ सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। उक्त प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी 15 से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट ओपन व गर्ल्स अंडर-13 फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक फीडे आर्बिटर रॉकी देवांगन थे। डिप्टी चीफ आर्बिटर के रूप में संदीप पटले व रामकुमार विश्वकर्मा ने अपनी महती भूमिका निभाई। जिला शतरंज संघ महासमुंद के सचिव व प्रतियोगिता संचालक हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस माह 10 दिनों का एडवांस शतरंज प्रशिक्षण शिविर रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के विशेष सहयोग से महासमुंद में लगाया जाना है। इच्छुक प्रतिभागी रिवरडेल स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर कुनेन अहमद से संपर्क कर सकते हैं।

## बीटीआई रोड चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का निर्माण आज से होगा शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर की बहुप्रतीक्षित मांग बीटीआई रोड चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य आज बुधवार से प्रारंभ हो जाएगा। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा स्थानीय बरोंडा चौक से विधिवत कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। बता दें कि शहर के बीटीआई रोड गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण की मांग काफी समय से की जा रही थी। जिस पर शासन ने कार्य के लिए मंजूरी दे दी। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कार्य का भूमिपूजन भी संपन्न हो चुका है। कार्य के लिए सर्वे कार्य भी हो चुका है। आज विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा बुधवार की सुबह साढ़े 10 बजे कार्य का शुभारंभ किया जाएगा।

विधायक सिन्हा ने कहा है कि वर्षों से इस रोड के सौंदर्यीकरण की मांग की जा रही थी, जो अब पूरा होने जा रहा है। लगभग 18 करोड़ की लागत से 3 किलोमीटर लंबाई तक कार्य संपन्न होगा। इसमें बीच में डिवाइडर बनाकर रोड को चौड़ा किया जाएगा। इससे आवागमन में काफी सुविधा होगी। इस रोड से न केवल शहर के लोग अपितु ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी आवागमन करते हैं। यह शहर के मुख्य मार्गों में से एक है। आगे कहा कि विष्णुदेव साय के सुशासन में विकास की गति और बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### रोहिना में अष्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन 16 से

**सरायपाली (ग्रामीण)।** ग्राम रोहिना में 16 मई से अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन यज्ञ का आयोजन रखा गया है। 16 मई को कलश स्थापना एवं नाम उच्चारण तथा 17 मई को पूर्णाहुति, महाप्रसाद वितरण (भंडारा) एवं बैठकी का आयोजन रखा गया है। इस नाम यज्ञ में मचपड़ा कीर्तन मंडली रोहिना- गायक बिसांबर पोटा, वादक हरीश सेठ, जगन्नाथ कीर्तन मंडली सिहा (पुसौर)- गायिका इंदु गुप्ता, उपमा पंडा, वादक छालो प्रसाद गुप्ता, बूढ़ी मां संकीर्तन मंडली गंठियापाली (ओडिशा)- गायिका लिप्सारानी, वादक प्रदीप पाणिग्रही, महिला कीर्तन मंडली कोईलबहाल-गायिका कुमकुम भोई, वादक उद्धव भोई, जय हंसवाहिनी महिला कीर्तन मंडली-बड़ेटेमरी गायिका अनिता साव, वादक ललित भोई एवं सतीश विश्वकर्मा को आमंत्रित किया गया है।

### कक्षा पांचवीं में नेहा को मिला 93 प्रतिशत



**पटेवा।** छात्रा नेहा मार्कंडेय पिता मनोज मार्कंडेय ग्राम नांदगांव ने कक्षा 5वी की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला एवम परिवार का नाम रोशन किया। नेहा कन्या आश्रम समोदा में रहकर शाप्राशाला में पढ़ाई करती है।

### पुलिस के अभियान में नौ बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** शहर में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाशों पर नकेल कसने एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने नौ बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 7 से 10 मई के बीच खमतराई में 2, सिविल लाइंस में 4, तिल्दा नेवरा में 2, तेलीबांधा में 1 एवं उरला में 1 बदमाश के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

---

**जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने प्रशासन से की जमीन की अवैध खरीदी बिक्री रोकने की मांग**

# सुशासन तिहार समाधान शिविर का सिर्रीपठारीमुड़ा में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- समाधान शिविर में नवीन आवेदन को भी लिया गया

राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सिर्री पठारीमुड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया और नवीन समस्याओं के आवेदन भी प्राप्त किए गए।

शिविर में जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, भूपेंद्र दीवान, धनंजय साहू, रिंकू चेतन चंद्राकर और पिलेश्वर पटेल की उपस्थिति रही।

समाधान शिविर में बागबाहरा विकासखंड के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की पूर्व में प्राप्त शिकायतों एवं नवीन समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई और त्वरित निराकरण की दिशा में प्रयास किया गया।



### जनपद अध्यक्ष ने उठाई अपने क्षेत्र की समस्या

अपने निर्वाचन क्षेत्र सिर्री पठारीमुंडा में उपस्थित होकर जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों के समक्ष रखते हुए कहाः कि यह समाधान शिविर शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम है। हम जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि हम जनता की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाएं और समाधान सुनिश्चित करें। चंद्राकर ने विशेष रूप से गांव में हो रही जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री और कब्जों की समस्या को गंभीरता से उठाते हुए अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव की जमीनें हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर हैं। इनकी अवैध रूप से खरीद-फरोख्त व कब्जा न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों का हनन भी है। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया है कि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने सिर्री पठारीमुंडा को पृथक गांव का दर्जा दिलाने की मांग भी मंच से जोरशोर से उठाई। उन्होंने कहा कि पठारीमुंडा विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति कमार जनजाति का गांव है। आज भी यह ग्राम सिर्री के एक मोहल्ले के रूप में दर्ज है, जबकि इसकी अलग भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान है। मैं शासन से आग्रह करता हूँ कि इसे जल्द से जल्द स्वतंत्र गांव का दर्जा प्रदान किया जाए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम उमेश कुमार साहू, तहसीलदार युगल किशोर पटेल, अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव,जनपद सीईओ एमएल मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभागीय स्तर पर समाधान की दिशा में जानकारी और सहायता प्रदान की।

---

**रोषः आरोपों को बताया बेबुनियाद, शिकायतकर्ता की मौजूदगी में पुनः जांच की मांग**

# हितेश की अगुवाई में किसानों के साथ निकली अंकित के खिलाफ आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बागबाहरा ब्लाक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के खातों में आई फसल बीमा की राशि में दलालों के माध्यम से गांव-गांव में भाजपाईयों द्वारा वसूली किए जाने की शिकायत के खिलाफ लोगों ने भाजपा एवं किसान नेता हितेश चंद्राकर की अगुवाई में कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली।

बागबाहरा के मंडी प्रांगण में फसल बीमा क्षतिपूर्ति से लाभान्वित क्षेत्र के 15 गांव के प्रमुख किसान एकजुट हुए। बैठक के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी, आरईओ व विभाग के मैदानी कर्मचारी एवं लोगों पर कमीशन खोरी के आरोप को झूठा बताते हुए आक्रोशित किसानों ने चप्पल रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मिली जानकारी के अनुसार मामले के शिकायतकर्ता कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा को बैठक में आने की पूर्व सूचना दी गई थी। लेकिन, बैठक में नहीं पहुंचने से नाराज किसानों ने आक्रोश रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा।



किसानों के साथ पहुंचे हितेश चंद्राकर ने अंकित एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फेसबुक आईडी से फसल बीमा राशि में कमीशन खोरी का वीडियो क्लिप डालकर राज्य शासन एवं किसानों पर लगे आरोपों को झूठा बताया और दोनों नेताओं को सूचित कर संबंधित गांवों में इनकी उपस्थिति में जांच करने की बात कही। आरोप लगाया कि ग्राम सालडबरी एवं नरतोरी में महिला के परिजनों की अनुपस्थिति में गुमराह कर वीडियो क्लिप बना कर किसानों को बदनाम किया जा रहा है। हितेश ने कहा कि जांच की मांग पर कृषि विभाग के एसडीओ स्तर के जांच अधिकारी जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है।

### अंकित ने की हितेश के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने भाजपा नेता हितेश चंद्राकर द्वारा खुलेआम मुख्य मार्ग को बाधित कर पुलिस की उपस्थिति में माइक से गाली गलौज करते हुए उनके वर्तमान निवास के सामने कतिपय व्यक्तियों को उकसाकर अनर्गल शब्दों और तस्वीर युक्त बैनर को लेकर अभद्र भाषा और गाली गलौज किए जाने पर आपत्ति जताते हुए आपराधिक मामला दर्ज किए जाने की मांग की। अंकित ने कहा कि हाल ही में कमीशनखोरी में लिप्त लोगों द्वारा उन्हें मिली जान से मारने की धमकी की शिकायत की गई थी। अंकित ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ उपयोग किए गए शब्दों पर भी कड़ी आपत्ति जताते हुए इसकी शिकायत बागबाहरा एसडीओपी कार्यालय में दी है।

---

# डीसीएम से गांडा समाज के लिए सामुदायिक भवन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- डिप्टी सीएम अरूण साव को नपाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने उपमुख्यमंत्री व नगरी प्रशासन मंत्री अरुण साव से गांडा समाज के लिए सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवाल, विद्युतीकरण, पाथवे एवं गार्डनिंग कार्य के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की मांग की है। नपाध्यक्ष ने बताया कि समाज के अधिकांश लोग निम्न आय वर्ग परिवार से आते हैं। ऐसे में उनके लिए किराए पर भवन लेना बड़ा आर्थिक बोझ के रूप में होता है। इसका वहन करने में समाज के लोग पूरी तरह असमर्थ होते हैं। सामुदायिक भवन होने से समाज के लोगों को समारोह का आयोजन करने में सुविधा होगी। नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने उपमुख्यमंत्री को सामाजिक भवन के लिए मांग पत्र सौपते हुए कहा कि कई समाज का अपना सामुदायिक भवन है, जिससे वे आसानी से अपना कोई भी कार्यक्रम वहां करते हैं। उन्होंने सरकार से गांडा समाज के लिए सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग की।

इसके निर्माण से गांडा समाज बड़ी राहत महसूस करेंगे। उन्होंने सरकार से इस मामले को लेकर जल्द स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। ज्ञात हो कि गांडा समाज के लिए वार्ड क्रमांक 12 में चंडी माता मंदिर मार्ग में एक एकड़ भूमि आरक्षित किया गया है।

---

# सेवादल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने किया कार्यालय का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस सेवा दल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नितेंद्र बनर्जी के कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर और पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला एवं ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल की उपस्थिति में हुआ। बता दें कि हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सेवा दल ने जिलाध्यक्ष के पद पर नितेर बैनर्जी को नियुक्त किया।

यह पहला अवसर है जब जिला कांग्रेस कमेटी में नए राजीव भवन में सेवादल को कांग्रेस भवन में एक अलग से व्यवस्था दी गई हैं। अध्यक्ष बैनर्जी ने कहा कि जो भरोसा कांग्रेस पार्टी ने उन पर दिखाया है वे उस पर खरा उतरेंगे।

इस अवसर पर महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री प्रदेश अमरजीत चावला, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आलोक चंद्राकर, ब्लॉक नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, अध्यक्ष खिलावन बघेल, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन चंद्राकर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, जिला कांग्रेस के महामंत्री सुनील शर्मा, संजय शर्मा, नरेंद्र दुबे, सुरेंद्र वैष्णव भारत ठाकुर, सुनील चंद्राकर, सनी महानंद, जावेद चौहान, मिंदर चावला, सुल्तान बागड़ी, राजू साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री गुरमीत सिंह चावला, दुष्यंत होता, राजू बुंदेला, अनीश रजवानी, मोती साहू, नीलू साहू, रवि साहू, तुलसी देवदास, तुलसी साहू, रवि साहू आदि मौजूद रहे।

---

# जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान, सुख-समृद्ध ग्राम बनाने चिरको में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान, चिरको सुख-समृद्ध ग्राम परिवार से विश्व परिवार निर्माण कार्यशाला के तहत विकसित गांव, विकसित भारत बनाने जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजनकर्ता शिव मानव, संचालनकर्ता प्रवीण वर्मा शिक्षक अभनपुर एंड परिवार, प्रमुख प्रवक्ता व प्रबोधन कर्ता मानव वैज्ञानिक डाक्टर संकेत ठाकुर, अभ्युदय संस्थान अछोटी, सुचित्रा श्रीवास्तव, अभिभावक विद्यालय रायपुर व अछोटी, गेंदलाल कोकडिया मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी बसंत सिन्हा बावनकेरा उपस्थित रहे। डाक्टर संकेत ठाकुर ने गांव वालों, सरपंच, पंचों, अभिभावकों को सुखी -समृद्ध गांव, स्कूल बनाने का तरीका और उदाहरण बताया। इसके लिए जीवन विद्या शिविर का अध्ययन अनिवार्य बताया। सुचित्रा बहन ने सुखी परिवार के लिए माता-पिता का समझदार होना पहली प्राथमिकता बताया। माता-पिता पर गीत के माध्यम से भी समझाया। शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने मैं जीवन हूं, तुम जीवन हो गीत के माध्यम से मानव, शरीर व जीवन का प्रयोजन, महत्व बताए। मानव के अध्ययन के बगैर अपराध का खात्मा, अपराधी मानसिकता का उन्मूलन असंभव बताते हुते चेतना विकास मूल्य शिक्षा को पहली से कालेज तक की पढ़ाई के लिए राष्ट्रपति प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक महासमुंद से मांग करते हुए हर परिवार को मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही आकर निशुल्क जीवन विद्या शिविर करने का प्रस्ताव दिए। कोकडिया ने शिविर में पलाश के पत्ते का उपयोग, प्लास्टिक मुक्त शिविर के लिए शिवकुमार मानव व टीम को धन्यवाद देते हुते सभा में उपस्थित 60 प्रतिभागियों से सुखी समृद्ध गांव बनाने के लिए आवर्तन शील वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किए।



ग्राम चिरको के सरपंच भट्ट ने शीघ्र ही ग्राम पंचायत की टीम के साथ अभ्युदय संस्थान अछोटी में जीवन विद्या शिविर करने व सुखी ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प दोहराया। बसंत सिन्हा ने सभी प्रबोधनकर्ताओं के प्रति सादर आभार प्रकट करते हुए असली समाज सेवा जीवन विद्या शिविर की बातें संसार के हर मानव तक पहुंचाने के लिए तन मन धन का नियोजन बताया। सभा में थानु पटेल झलप, संतोष साहू रायतुम, नरसिंग पटेल पिथौरा, सुशील आर्य पत्रकार पटेवा, सरस्वती चिरको, राखी तेंदूवाही, शिव कुमार चेलक, सोनी जांगड़े, सौरभ परमार, आरती परमार मध्यप्रदेश, समृद्धि बालोद, रागेश्वर, सिद्धार्थ, श्रद्धा समेत चिरको गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# भाजपा पार्षदों की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा पार्षदों की बैठक भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका द्वारा स्थानीय कार्यालय में रखी गई। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू उपस्थित थे। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद महासमुंद में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय को लेकर विशेष बैठक रखने का आवेदन नगर पालिका अधिनियम 57 के तहत 24 अप्रैल 2025 को भाजपा पार्षदों द्वारा किया गया था। जिसके तहत 14 मई को नगर पालिका परिषद में विशेष बैठक होनी है। नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने विशेष बैठक के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कई बार कहा गया, तब कही अब बैठक हो रही है। पालिका में बैठक के पूर्व पार्षदों को कहा गया एक राष्ट्र एक चुनाव पर स्वच्छ स्वस्थ चर्चा पालिका में करते हुए प्रस्ताव पर सहमति बनाए। परिषद के अन्य विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा गौरव पथ शुभारंभ 14 मई सुबह 10 बजे विधायक योगश्वर राजू सिन्हा द्वारा किया जाना है, जहां सभी पहुंचने की अपील की। वहीं 15 मई को केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू खल्लारी प्रवास के दौरान नगर पालिका में स्वागत पर चर्चा की गई। चैंबर ऑफ कामर्स जिला महासमुंद द्वारा 16 मई शुक्रवार दोपहर 3 बजे एक राष्ट्र एक चुनाव पर गोष्ठी आयोजित है।



जिसमें प्रमुख वक्ता महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश चंदेल होंगे। कार्यक्रम में सभी वार्ड से प्रबुद्धजन पहुंचे, ऐसा प्रयास हो। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण नानू भाई, शुभ्रा शर्मा, मनीष शर्मा, पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु, चंद्रशेखर बेलदार, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी एवं भाजपा वरिष्ठ नेता मुन्ना साहू उपस्थित थे।

---

# कार्मेल कान्वेंट स्कूल में बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2025 कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें बागबाहरा में स्थित कार्मेल कान्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम गरिमामय रहा। कक्षा 12वीं में कनिकेत जैन 87.6 प्रतिशत ( कॉमर्स) के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रोमी चंद्राकर ने 87.4 ( मैथ्स ) के साथ द्वितीय स्थान, मेहविज़ नाज़ 87% (साइंस) के साथ तृतीय स्थान, प्रियंका दीवान एवं शारदा मिश्रा (साइंस) 86.8 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान एवं निष्ठा सोनी 85 प्रतिशत ( कॉमर्स) के साथ शाला में पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया। छात्र-छात्राओं के इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या ने हर्ष जताया है।

---

# नर्सिंग इंस्टीट्यूट में स्वागत और विदाई समारोह हुआ

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में फ्रेशर्स और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नए छात्रों का स्वागत और अंतिम वर्ष के छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई। यह आयोजन संस्था के परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और सम्मानित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समारोह का पहला भाग नए छात्रों के स्वागत के लिए समर्पित था। द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक रंगारंग स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें नृत्य, गायन, रैंप वॉक और अन्य मनोरंजक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन का उद्देश्य नए छात्रों को संस्था की संस्कृति से परिचित कराना और उन्हें सहज महसूस कराना था। मुख्य अतिथि



मोतीचंद बाफना ने अपने प्रेरणादायक भाषण में नए छात्रों को प्रोत्साहित किया। मिस फ्रेशर बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष से (तुलसी सिन्हा) और मिस्टर फ्रेशर बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष से (पोखन पटेल) को खिताब प्रदान किए गए। समारोह का दूसरा भाग अंतिम वर्ष के छात्रों को समर्पित था। कनिष्ठ छात्रों ने अपने वरिष्ठों के लिए भावनात्मक प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिसमें गीत, नृत्य और भाषण शामिल थे। यह क्षण सभी के लिए यादगार रहा, क्योंकि वरिष्ठ छात्रों ने संस्था के साथ अपने अनुभव साझा किए। प्राचार्या रेंजी नायर ने अपने संबोधन में छात्रों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में सफलता की कामना की। मिस फेयरवेल बीएस सी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष से (मोनिका साहू) और मिस्टर फेयरवेल बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष से (देव कुमार साहू) को खिताब प्रदान किए गए। आयोजन की विशेषताएं आकर्षक सजावट मनोरंजन, रैंप वॉक, समूह नृत्य, एकल प्रदर्शन, और स्वादिष्ट भोजन और डीजे नाइट के साथ समारोह का समापन हुआ।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"

मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त

"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"

JOIN OUR SEMINAR

Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand

14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM

◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

SCAN ME


अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com

Dr. Pallavi Kshirsagar

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उमरदा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट





**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल उमरदा में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 94.45 प्रतिशत रहा। कुल 22 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 21 उत्तीर्ण हुए और एक को पूरक की पात्रता हुई। प्रथम श्रेणी में 10 छात्र एवं द्वितीय श्रेणी में 11 छात्रों को सफलता प्राप्त हुई। स्कूल की भूमिका पिता प्रमोद कुमार ग्राम अरंड ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। हेमा पिता छगन यादव ग्राम-उमरदा ने 83.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारती पिता पूषनकुमार ग्राम सिरगिड़ी ने 78.66 प्रतिशत अंक प्राप्त तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राजू यादव ने शाला के अच्छे रिजल्ट पर हर्ष जताया।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 22 मरीजों का उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया। जहां 22 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, डॉ राजीव पटेल ब्लॉक नोडल, लोकेश प्रधान आरएमए, ढोलचंद नायक बीपीएम, जिला चिकित्सालय से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक मौजूद रहे।

**आयोजन:** महासमुंद ब्लाक के ग्राम कोडार में लगा समाधान शिविर

# समाधान शिविर बना शासन और आमजनता के बीच सेतु

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी लोककल्याणकारी पहल सुशासन तिहार के अंतर्गत महासमुंद जिले में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 मई को महासमुंद विकासखंड के ग्राम कोडार में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को जॉब कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र और प्रधानमंत्री अभिनंदन प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इससे ग्रामीणों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिला और उन्हें सरकारी सेवाओं से जोड़ने में सहायता मिली।

शिविर में ग्राम कौआझर और परसाडीह के पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्ड प्रदान किए गए। लाभ पाने वालों में पायल साहू, यमुना साहू, प्रेमिन यादव, कामिन साहू, पद्मनी साहू, कलेश्वरी ध्रुव, नीरा ध्रुव, महेश्वरी ध्रुव और राजकुमार कोसले शामिल रहे। राशन कार्ड पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे, लाभार्थियों ने कहा कि अब उन्हें सस्ते दर पर राशन तो मिलेगा ही, साथ ही वे अन्य कल्याणकारी योजनाओं के भी पात्र बन जाएंगे। इसी प्रकार से ग्राम गढ़ासिवनी की निवासी खिलेश्वरी, मोतीन, प्रेमीन बाई और योमिन साहू को जब जॉब कार्ड प्रदान किया गया, उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें मनरेगा के तहत रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही ग्राम कुकराडीह के सुशील बघेल और अछोला ग्राम के नेतराम साहू एवं पीताम्बर साहू को भी जॉब कार्ड प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इस योजना से उन्हें गांव में ही कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे बाहर पलायन करने की आवश्यकता नहीं रहेगी और वे अपने परिवार के साथ रहकर सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकेंगे। शिविर में तुकाराम एवं संतोषी चंद्राकर को प्रधानमंत्री आवास का अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पक्का मकान मिला है, जिससे उनका परिवार अब सुरक्षित और स्थायी छत के नीचे जीवन यापन कर रहा है। समाधान शिविर में समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजनाओं के तहत ग्राम अछोली और परसाडीह के चार हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र मिले। थानू राम निषाद को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना तथा कोदाराम यादव, सुखीराम साहू और मनराखन यादव को मुख्यमंत्री पेंशन योजना का लाभ मिला। सभी ने योजना को राहत दायक बताते हुए शासन का आभार व्यक्त किया। समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल रहा है।



राशन कार्ड, जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री अभिनंदन पत्र और पेंशन स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थियों के खिले चेहरे

## समाधान शिविर में बसना विधायक ने दिव्यांग संजीव को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की



**महासमुंद।** समाधान शिविर 2025 के तहत पिथौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिरदा में आयोजित समाधान शिविर में 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग संजीव कुमार सिदार को शासन की समाज कल्याण योजना के अंतर्गत मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित समाज कल्याण विभाग की इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाना है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। संजीव पूर्व में बढ़ई (कारपेंटर) का कार्य करता था, किंतु अपनी दिव्यांगता के कारण उसे आवागमन में सदैव दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। संजीव ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित सहायता शिविर में आवेदन किया और सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाएं पूरी कीं। उसकी कठिनाई और आत्मनिर्भर बनने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई की। क्षेत्रीय विधायक संपत अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित शिविर स्थल पर संजीव को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। इस मोटराइज्ड ट्रायसायकल से अब संजीव स्वतंत्र रूप से अपने कार्यस्थल और अन्य आवश्यक स्थानों पर आवागमन कर सकेगा। यह सहायता न केवल उसकी रोजमर्रा की कठिनाइयों को कम करेगी, बल्कि उसे पुनः आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। संजीव ने इस सहयोग के लिए दिल से शासन एवं समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया।

# जनपद अध्यक्ष ने स्वास्थ्य एवं जनजागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सामुदायिक संगठनों की क्षमता विकास परियोजना का संचालन तिल्दा की समाज सेवी संस्था प्रयोग द्वारा किया जा रहा है जिसके तहत छत्तीसगढ़ के धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद जिले के विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य तथा शासन की विभिन्न योजनाओं तथा कौशल प्रशिक्षण प्रशिक्षण का प्रचार-प्रसार का कार्य संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। यह कार्य 1 मई से 12 मई तक तीनो जिलों में किया गया। जिला के बागबाहरा ब्लाक के जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य एवं जनजागरुकता रथ को रवाना किया गया। बागबाहरा ब्लाक के ग्राम पंचायत खैरटकला में वरिष्ठ समाज सेवी तथा बाल किशोर उत्थान के संस्थापक हनुमंत नाग, सरपंच छत्तर सिंह मांझी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया। बाल किशोर उत्थान समिति के जिला समन्वयक गोपाल राम साहू, शाखा प्रबंधक पूरन सोनवानी, सुपरवाइजर कृष्ण कुमार तांडी, चंद्रशेखर पटेल, तुलेश्वरी ठाकुर उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत पंडरीपानी से जनपद सदस्य लता तांडी, सरपंच लीला दीवान, ग्राम पंचायत भलुचुआ सरपंच अंजोर सिंह ध्रुव, ग्राम पंचायत भदरसी सरपंच बबीता दीपक नाग तथा उपसरपंच व पंचों, ग्राम पंचायत बिराजपली के सरपंच चवन सिंह ठाकुर तथा ग्रामीणों की उपस्थिति, ग्राम पंचायत तुपकबोरा सरपंच सावित्री ओकेश दीवान तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाया गया। ग्राम पंचायत देवरी से जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर तथा सरपंच अहिल्या शांता राम साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर तथा इस स्वास्थ्य जन जागरूकता अभियान का समापन कर प्रयोग समाज सेवी संस्था के इस पहल तथा लोगों तक स्वास्थ्य जन जागरूकता, शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने तथा कौशल विकास से बेरोजगार युवक युवतियों को जोड़ने के लिए प्रयोग समाज सेवी संस्था की सराहना की। इस अभियान में प्रयोग समाज सेवी संस्था से परियोजना निदेशक, निर्मला कुजूर, समाज सेवी पन्ने लाल प्रजापति, स्किल डेवलपमेंट ऑफिसर पूरब धुरंधर, जिला समन्वयक देवांतिन ठाकुर, सुमन साहू इस स्वास्थ्य जन जागरूकता अभियान में विशेष रूप से भाग लिया। इस अभियान में कुल 56 गांवों को कवर किया गया।

## साफ-सफाई



**बागबाहरा।** मानसून के पूर्व वार्ड नं11 के पार्षद प्रेम साहू ने नाली नाला के तत्काल सफाई करने के लिए प्रभारी को निर्देश किया।

### तोरेसिंघा में हुई विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक

**सरायपाली।** ग्राम तोरेसिंघा में संगठन के विस्तार के लिए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।बैठक में जिला मंत्री बसंत देवता, सह विशेष संपर्क प्रमुख रमेश कर एवं पुरुषोत्तम प्रधान उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ ब्रह्मनाद, दीप प्रज्ज्वलन विजय महामंत्र के साथ हुआ। बैठक में तोरेसिंहा खंड के सभी 20 गांव में ग्राम समिति बनाने के लिए टोली बनाया गया। आने वाले 22 मई से 29 मई तक कांकेर में होने वाले दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग में साथ ही 25 मई से 31 मई तक कांकेर में होने वाले बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में अधिक से अधिक दुर्गा वाहिनी के बहनों एवं बजरंग दल के भाइयों के जाने के लिए चर्चा हुई।

# कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल शाखा सभा सांकरा का पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल के अंतर्गत शाखा सभाओं के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के तहत शाखा सभा सांकरा का निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी पुरूषोत्तम पांडे के निष्पक्ष नेतृत्व में शाखा सभा सांकरा का चुनाव निर्विवाद एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किया गया। सुशील राणा को सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित सभापति के पद के लिए चुना गया।

इस अवसर पर तात्कालीन सभापति श्रवण कुमार राणा के योगदान को बताया गया। महासचिव धर्मेंद्र नाथ राणा ने नवनिर्वाचिन पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह केवल पद की प्राप्ति नहीं, अपितु एक महान दायित्व का प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि संगठन एक विराट परिवार है, जिसमें प्रत्येक सदस्य का कर्तव्य है कि वह सामूहिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु अपने अहं को त्याग कर परस्पर प्रेम एवं समर्पण से कार्य करें।

इस कार्यक्रम की जानकारी कार्यकारिणी के पंच सदस्य खीरसागर राणा द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की संपूर्ण सफलता का श्रेय सभी सदस्यों की जागरूकता, समयबद्धता और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा को दिया। आज का यह शुभ दिन, संगठन के भविष्य के लिए एक नवीन प्रभात का संदेश लेकर आया है। यह अवसर केवल अधिकार प्राप्ति का नहीं, बल्कि स्वयं को सेवा एवं उत्तरदायित्व के यज्ञ में आहुति देने का अवसर है। संगठन की दिव्यता और विशालता को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु सभी सदस्यों का समवेत प्रयास अपेक्षित है।

### भारत की सैन्य शक्ति को प्रणाम करने निकलेगी तिरंगा यात्रा



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने पूरे विश्व में मनवाया भारत का लोहा

**महासमुंद।** छग भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता को बताने देश भर में भाजपा द्वारा 13 से आगामी 23 मई तक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रत्येक नागरिक, ओबीसी मोर्चा के प्रत्येक सदस्य व पदाधिकारी शामिल होंगे। चंद्राकर ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह हमला न केवल भारत की अस्मिता, बल्कि मानवता पर भी हमला है। उन्होंने कहा कि भारत अब ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवादियों व उनके आकाओं को कठोरतम दंड दिया जाएगा। उन्होंने भारत की सैन्य ताकत और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि नया भारत घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है।

## करणी कृपा पावर प्लांट के विरोध में ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** मंगलवार को तुमगांव क्षेत्र के आसपास गांव के ग्रामीण करणी कृपा पावर प्लांट के विरोध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात करने उनके कार्यालय पहुंचे। अपनी मांग एवं समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अधिकारियों से चर्चा कर उचित निराकरण का आश्वासन दिया है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड खैरझिटी/कौंवाझर जैसे गैर औद्योगिक क्षेत्र में शासकीय भूमि काबिल काश्त भूमि, सिंचाई विभाग के भूमि, नेशनल हाईवे की भूमि, आदिवासी भूमि, किसानों की भूमि, छसपा किसान मोर्चा की भूमि पर बलपूर्वक कब्जा कर स्थापित किया जा रहा है। यहां अनेक अवैधानिक कार्य सामने आने लगे हैं, जिसमें मिनी स्टील प्लांट, स्पंज आयरन प्लांट, पावर प्लांट, फेरो रिलायंस प्लांट सहित अनेक उत्पादन इकाइयां असंवैधानिक रूप से निर्माणाधीन है। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के कारण कई मजदूर की मौत और कई घायल भी हो चुके हैं। कंपनी द्वारा तुमगांव पुलिस थाना या प्रशासन को सूचना दिए बगैर मृतकों का अंतिम संस्कार भी किया गया है। प्लांट के चलते आसपास के गांव के खेत में फसल खराब हो रहा है। कुछ समय बाद क्षेत्र की भूमि बंजर हो जाएगी। किसानों के पास अपनी जमीन तो होगी लेकिन वो उपजाऊ नहीं रह जाएगी। इसलिए वे चाहते हैं कि किसानों की मांग को संज्ञान में लेकर अवैध रूप से हुए कार्यों पर कार्रवाई की जाए।

### उचित कार्रवाई कर समस्या का करेंगे निराकरण

किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जितने भी अवैध कार्य हुए हैं उनके लिए संबंधित विभाग और अधिकारियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद किसानों की समस्या का उचित निराकरण किया जाएगा।

